अनुक्रमांक ........................

नाम ..............................

156

349

# 2023

## लेखाशास्त्र

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 100

**नोट :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

*Note* : First 15 minutes are allotted for the candidates to read the question paper.

**निर्देश :** i) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

ii) प्रश्न संख्या **1 से 10** तक **बहुविकल्पीय** हैं । प्रश्न संख्या **11 से 20** तक **अति लघु उत्तरीय** हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग **30** शब्दों के अन्तर्गत लिखना है । प्रश्न संख्या **21 से 26** तक **लघु उत्तरीय** हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर **100** शब्दों के अन्तर्गत लिखना है । प्रश्न संख्या **27 से 30** तक **विस्तृत उत्तरीय** हैं, जिन्हें हल करना है ।

iii) प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं ।

*Instructions :*

i) *All* questions are compulsory.

ii) Question Nos. *1* to *10* are *Multiple Choice Type*. Question Nos. *11* to *20* are *Very Short Answer Type*, which are to be answered within 30 words each. Question Nos. *21* to *26* are *Short Answer Type*, which are to be answered within 100 words each and Question Nos. *27* to *30* are *Long Answer Type*, which are to be solved.

iii) Marks to each question are indicated against it.

**( बहुविकल्पीय प्रश्न )**
**( Multiple Choice Type Questions )**

सही उत्तर चुनिए एवं उसे अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

1. प्राप्ति एवं भुगतान खाता है

i) वास्तविक खाता
ii) नाममात्र खाता
iii) व्यक्तिगत खाता
iv) इनमें से कोई नहीं । 1

2. आय-व्यय खाता बनाया जाता है

i) एकाकी व्यापार संगठन द्वारा
ii) कम्पनी संगठन द्वारा
iii) साझेदारी संगठन द्वारा
iv) इनमें से किसी के द्वारा नहीं ।

3. पुनर्मूल्यांकन खाता है

i) व्यक्तिगत खाता
ii) वास्तविक खाता
iii) नाममात्र खाता
iv) इनमें से कोई नहीं ।

4. दायित्व में कमी है

i) हानि
ii) लाभ
iii) प्राप्ति
iv) व्यय । 1

5. साझेदारी अधिनियम लागू हुआ

i) 1956 में
ii) 1948 में
iii) 1932 में
iv) 1950 में । 1

6. विशेष उद्देश्य के लिए लिया गया ऋण दर्शाया जाएगा

i) आय-व्यय खाते में
ii) चिट्ठे के दायित्व पक्ष में
iii) चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष में
iv) चिट्ठे के दोनों पक्ष में । 1

7. एक कम्पनी के अंशधारी होते हैं

i) कम्पनी के ग्राहक
ii) कम्पनी के लेनदार
iii) कम्पनी के कर्मचारी
iv) कम्पनी के स्वामी । 1

8. निम्नलिखित में से कौन-सा चालू दायित्व नहीं है ?

i) देय बिल
ii) बैंक अधिविकर्ष
iii) अंश पूँजी
iv) अदत्त व्यय । 1

9. कम्पनी की विशेषताएं हैं

i) कृत्रिम व्यक्ति
ii) कानून द्वारा निर्मित
iii) शाश्वत उत्तराधिकार
iv) इनमें से सभी । 1

10. निजी कम्पनी में सदस्यों की अधिकतम संख्या होती है

i) 100
ii) 150
iii) 50
iv) 140. 1

Select the correct answer and write it in your answer-book :

1. Receipts and Payments Account is
   i) Real Account
   ii) Nominal Account
   iii) Personal Account
   iv) None of these. 1

2. Income and Expenditure Account is prepared by
   i) Sole Trading Organisation
   ii) Company Organisation
   iii) Partnership Organisation
   iv) None of these. 1

3. Revaluation Account is
   i) Personal Account
   ii) Real Account
   iii) Nominal Account
   iv) None of these. 1

4. Reduction in liability is
   i) Loss
   ii) Profit
   iii) Receipts
   iv) Expenditure. 1

5. Partnership Account was enforced in
   i) 1956
   ii) 1948
   iii) 1932
   iv) 1950. 1

6. Loan taken for specific purpose will be shown in
   i) Income and Expenditure Account
   ii) Liability side of Balance sheet
   iii) Asset side of Balance sheet
   iv) Both sides of Balance sheet 1

7. Shareholders of a company are
   i) Customers of the company
   ii) Creditors of the company
   iii) Employees of the company
   iv) Owners of the company. 1

8. Which of the following is not current liability ?
   i) Bills payable
   ii) Bank overdraft
   iii) Share capital
   iv) Outstanding expenses. 1

9. Features of a company are
   i) Artificial person
   ii) Created by law
   iii) Perpetual succession
   iv) All of these 1

10. The maximum number of members of a private company is
    i) 100
    ii) 150
    iii) 50
    iv) 140. 1

[ Turn over

## ( अति लघु उत्तरीय प्रश्न )

## ( Very Short Answer Type Questions )

11. आय-व्यय खाते के उद्देश्यों को समझाइए । 2

11. Explain the objectives of Income and Expenditure Account. 2

12. साझेदारी संलेख को समझाइए । 2

12. Explain Partnership deed. 2

13. आहरण पर ब्याज की गणना करने की किसी एक विधि को समझाइए । 2

13. Explain any one method of calculation of interest on drawings. 2

14. साझेदारी तथा कम्पनी में अन्तर बताइए । 2

14. State the differences between partnership and company. 2

15. रोकड़ प्रवाह विवरण से क्या आशय है ? 2

15. What is meant by Cash Flow Statement ? 2

16. कम्पनी के चिट्ठे के दायित्व पक्ष के चार मदों को बताइए । 2

16. State four items of liabilities shown in the balance sheet of a company. 2

17. लाभ-हानि खाता एवं लाभ-हानि नियोजन खाते में अन्तर स्पष्ट कीजिए । 2

17. Distinguish between P & L Account and P & L Appropriation Account. 2

18. अंशों के हरण से आप क्या समझते हैं ? 2

18. What do you understand by forfeiture of shares ? 2

19. विभाजन योग्य लाभ एवं लाभांश में अन्तर बताइए । 2

19. State differences between divisible profit and dividend. 2

20. लाभ-हानि नियोजन खाते में दर्शायी जाने वाली मदों का वर्णन कीजिए । 2

20. Describe the items shown in Profit and Loss Appropriation Account. 2

## ( लघु उत्तरीय प्रश्न )

## ( Short Answer Type Questions )

21. आगम शोधन खाता और रोकड़ खाता में अन्तर स्पष्ट कीजिए । 5

21. Explain the difference between Income and Expenditure Account and Cash Account. 5

22. औसत लाभ के आधार पर ख्याति की गणना करने की विधि को उदाहरण सहित समझाइए । 5

22. Explain the method of calculation of goodwill on the basis of average profit. 5

23. पूर्वाधिकार अंशों के प्रकारों की विवेचना कीजिए । 5

23. Discuss the types of preference shares. 5

24. वित्तीय विवरणों के विश्लेषण के महत्व का वर्णन कीजिए । 5

24. Describe the significance of analysis of financial statements. 5

25. कम्पनी की प्रमुख विशेषताओं को समझाइए । 5

25. Explain the characteristics of a company. 5

26. कम्पनी एवं साझेदारी में आप किसे उचित समझते हैं और क्यों ? 2 + 3

26. Whom do you consider suitable between company and partnership and why ? 2 + 3

## ( विस्तृत उत्तरीय प्रश्न )
## ( Long Answer Type Questions )

27. 31 दिसम्बर, 2022 को समाप्त होने वाले निम्नलिखित तलपट तथा अन्य सूचनाओं के आधार पर महेश स्कूल का आय-व्यय खाता तथा आर्थिक चिट्ठा बनाइए :

| नाम शेष | रकम ( रु० ) | जमा शेष | रकम ( रु० ) |
|---|---|---|---|
| भवन | 6,25,000 | प्रवेश शुल्क | 12,500 |
| फर्नीचर | 1,00,000 | ट्यूशन फीस प्राप्त | 5,00,000 |
| पुस्तकालय की पुस्तकें | 1,50,000 | पूर्ति के लिए लेनदार | 15,000 |
| 12% दर पर विनियोग | 5,00,000 | स्कूल के हाल का किराया | 10,000 |
| वेतन | 5,00,000 | विविध प्राप्तियाँ | 30,000 |
| स्टेशनरी | 40,000 | सरकारी अनुदान | 3,50,000 |
| सामान्य व्यय | 18,000 | सामान्य निधि | 10,00,000 |
| खेल व्यय | 15,000 | पुस्तकालय की पुस्तकों के लिए अनुदान | 62,500 |
| बैंक में रोकड़ | 50,000 | | |
| हस्तस्थ रोकड़ | 2,000 | पुराने फर्नीचर का विक्रय | 20,000 |
| | **20,00,000** | | **20,00,000** |

**अतिरिक्त सूचनाएँ :**

i) इस वर्ष के लिए अप्राप्त फीस रु० 25,000.

ii) वकाया वेतन की राशि रु० 30,000.

iii) 1 अक्टूबर, 2021 को रु० 40,000 की लागत का फर्नीचर क्रय किया ।

iv) 1 अप्रैल, 2021 को रु० 50,000 पुस्तक मूल्य के फर्नीचर का विक्रय किया ।

v) फर्नीचर पर 10% प्रति वर्ष, पुस्तकालय पुस्तकों पर 15% प्रति वर्ष और भवन पर 5% प्रति वर्ष ह्रास लगाइए । 5 + 5

**अथवा**

अलाभकारी संस्थाओं से आप क्या समझते हैं ? आय-व्यय खाता किन उद्देश्यों के लिए बनाया जाता है ? 3 + 7

27. On the basis of the following Trial Balance and other information of Mahesh School for the year ended on 31st December, 2022, prepare Income and Expenditure Account and Balance sheet :

| ***Debit Balance*** | ***Amount (Rs.)*** | ***Credit Balance*** | ***Amount (Rs.)*** |
|---|---|---|---|
| Building | 6,25,000 | Entrance fees | 12,500 |
| Furniture | 1,00,000 | Tuition fees received | 5,00,000 |
| Library books | 1,50,000 | Creditors for supplies | 15,000 |
| Investment @ 12% | 5,00,000 | Rent for the school hall | 10,000 |
| Salaries | 5,00,000 | Miscellaneous receipts | 30,000 |
| Stationery | 40,000 | Government grants | 3,50,000 |
| General expenses | 18,000 | General fund | 10,00,000 |
| Sports expenses | 15,000 | Donation for library books | 62,500 |
| Cash at bank | 50,000 | Sale of old furniture | 20,000 |
| Cash in hand | 2,000 | | |
| | **20,00,000** | | **20,00,000** |

*Additional Information* :

i) Outstanding fees of this year Rs. 25,000

ii) Outstanding salaries Rs. 30,000

iii) Furniture purchased of Rs. 40,000 on 1st October, 2021

iv) Furniture of book value Rs. 50,000 was sold on 1st April 2021

v) Charge depreciation on furniture @ 10% per year, 15% per year on library books, 5% per year on building. 5 + 5

*OR*

What do you understand by non-profitable organisations ? For what purposes is income and expenditure account prepared ? 3 + 7

28. रोहित कम्पनी लिमिटेड को रु० 5,00,000 की पूँजी के साथ पंजीकृत किया गया जो रु० 10 प्रति अंश के हिसाब से 50000 अंशों में विभक्त थी । इनमें से कम्पनी ने 40000 अंशों को निर्गमित किया जिन पर आवेदन पर रु० 2 प्रति अंश, आबंटन पर रु० 2 प्रति अंश, प्रथम याचना पर रु० 4 प्रति अंश तथा रु० 2 प्रति अंश अंतिम याचना पर देय थे । सभी अंश जनता ने क्रय कर लिए तथा धनराशि प्राप्त हो गई । किन्तु एक अंशधारी जिसके पास 500 अंश थे, अंतिम याचना का भुगतान नहीं किया । संचालकों ने उन अंशों का हरण कर लिया तथा उन्हें रु० 6 प्रति अंश के हिसाब से पुनः निर्गमित कर दिया ।

कम्पनी की पुस्तकों में जर्नल के आवश्यक लेखे कीजिए । 10

**अथवा**

समता अंश एवं पूर्वाधिकार अंश में अन्तर स्पष्ट कीजिए तथा पूर्वाधिकार अंशों के विभिन्न प्रकारों को समझाइए । 5 + 5

28. Rohit Company Limited was registered with the capital of Rs. 5,00,000 which was divisible @ Rs. 10 in 50000 shares. The company issued 40000 shares out of them, on which Rs. 2 per share on application, Rs. 2 per share on allotment, Rs. 4 per share on 1st call and Rs. 2 per share on final call were payable. The public purchased all shares and the amounts were received. However one shareholder who held 500 shares did not pay the amount of final calls. The directors forfeited these shares and reissued them @ Rs. 6 per share.

Pass necessary journal entries in the books of the company. 10

*OR*

Explain the differences between equity and preference shares and explain different types of preference shares. 5 + 5

29. **ए** एवं **बी** एक फर्म में 3 : 2 के अनुपात में लाभों का विभाजन करते हुए साझेदार हैं । 1 अप्रैल 2021 को उन्होंने प्रभावी तिथि से **सी** को नए साझेदार के रूप में प्रवेश देने का निर्णय लिया 1 अप्रैल, 2021 को **ए** तथा **बी** का आर्थिक चिट्ठा और प्रवेश की शर्तें निम्नलिखित हैं :

| पूँजी एवं दायित्व | रकम ( रु० ) | सम्पत्तियाँ | रकम ( रु० ) |
|---|---|---|---|
| **पूँजी खाता :** | | प्लाण्ट | 4,53,000 |
| ए 3,00,000 | | फर्नीचर | 62,000 |
| बी 3,00,000 | 6,00,000 | रहतिया | 84,000 |
| लेनदार | 60,000 | देनदार | 36,000 |
| अदत्त व्यय | 15,000 | नकद | 40,000 |
| | **6,75,000** | | **6,75,000** |

**प्रवेश की निम्नलिखित शर्तें हैं :**

i) भविष्य में लाभ बराबर-बराबर बाँटे जाएंगे ।

ii) फर्म की पूँजी रु० 6,00,000 निश्चित की गई थी, जिसे सभी साझेदारों द्वारा लाभ-विभाजन अनुपात में दिया जाएगा ।

iii) **सी** अपने हिस्से की पूँजी और ख्याति की राशि नकद में देगा ।

iv) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन अधिमूल्य के दो वर्ष के क्रय के आधार पर किया जाएगा । फर्म का भविष्य में औसत शुद्ध लाभ रु० 90,000 प्रति वर्ष है । नाममात्र व्यवसाय में पूँजी पर सामान्य लाभ की दर 10% है ।

ख्याति की गणना कीजिए और साझेदारों के पूँजी खाते, रोकड़ खाता तथा नई फर्म का आर्थिक चिट्ठा बनाइए ।

2 + 2 + 2 + 4

**अथवा**

ख्याति के मूल्यांकन की विभिन्न विधियों को समझाइए । 10

29. *A* and *B* are partners sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2. They decided to admit *C* as a new partner on 1st April, 2021 from effective date. On 1st April, 2021 the Balance sheet and terms of entries of *A* and *B* are as follows :

| ***Capital and Liabilities*** | ***Amount (Rs.)*** | ***Assets*** | ***Amount (Rs.)*** |
|---|---|---|---|
| Capital A/c. : | | Plant | 4,53,000 |
| *A* 3,00,000 | | Furniture | 62,000 |
| *B* 3,00,000 | 6,00,000 | Stock | 84,000 |
| Creditors | 60,000 | Debtors | 36,000 |
| Outstanding expenses | 15,000 | Cash | 40,000 |
| | **6,75,000** | | **6,75,000** |

The following are conditions of entries :

i) The profit in future will be distributed equally.

ii) The capital of the firm was determined Rs. 6,00,000 which will be given in the profit ratio by the partners.

iii) *C* will give the share of capital and goodwill in cash.

iv) The valuation of goodwill will be done on the basis of over-value of purchases of two years. The average net profit of the firm is Rs. 90,000 per year. The nominal profit on capital is 10% in nominal business.

Calculate goodwill and prepare capital account of partners, cash A/c and balance sheet of the new firm. 2 + 2 + 2 + 4

*OR*

Explain different methods of valuation of goodwill. 10

30. 31 मार्च, 2021 को प्रयाग इलेक्ट्रानिक्स की पुस्तकों से निम्नलिखित शेष प्राप्त हुए :.

रहतिया रु० 60,000, विक्रय रु० 4,25,000, मजदूरी रु० 50,000, क्रय रु० 2,10,000 वेतन रु० 25,000, विविध लेनदार रु० 35,000, डूबत ऋण रु० 3,000, रोकड़ रु० 2,000 बीमा व सामान्य व्यय रु० 7,500, लाभ-हानि खाता (क्रेडिट) रु० 13,500, देनदार रु० 50,000 अंश पूँजी रु० 1,00,000, मशीन एवं संयन्त्र रु० 1,00,000, संचय रु० 30,000, भव रु० 50,000, किराया रु० 6,000, विनियोग रु० 30,000, अन्तरिम लाभांश रु० 10,000 ।

**समायोजनाएँ :**

i) देनदारों पर 5% संदिग्ध ऋण हेतु प्रावधान कीजिए ।

ii) मशीनरी पर 10% ह्रास काटिए ।

iii) 31 मार्च, 2021 को रहतिया का मूल्य रु० 75,000 था ।

iv) संचय हेतु रु० 10,000, लाभांश हेतु रु० 15,000 का प्रावधान कीजिए ।

उपरोक्त विवरणों एवं समायोजनाओं के आधार पर लाभ-हानि खाता तथा लाभ-हानि नियोजन खाता बनाइए । 7 + 3

**अथवा**

वित्तीय विवरणों का विश्लेषण क्या है ? इसके उद्देश्य एवं सीमाओं का वर्णन कीजिए । 2 + 4 + 4

30. The following balances were received from the Books of Prayag Electronics on 31st March, 2021 :

Stock Rs. 60,000, Sales Rs. 4,25,000, Wages Rs. 50,000, Purchases Rs. 2,10,000, Salaries Rs. 25,000, Sundry Creditors Rs. 35,000, Bad Debts Rs. 3,000, Cash Rs. 2,000, Insurance and General Expenses Rs. 7,500, Profit and Loss Account (Credit) Rs. 13,500, Debtors Rs. 50,000, Share Capital Rs. 1,00,000, Machine and Plant Rs. 1,00,000, Reserve Rs. 30,000, Building Rs. 50,000, Rent Rs. 6,000, Investment Rs. 30,000, Interim dividend Rs. 10,000.

*Adjustments* :

i) Prepare provisions for Bad Debts on debtors @ 5%

ii) Charge depreciation on machinery @ 10%

iii) The value of stock on 31st March, 2021 was Rs. 75,000

iv) Make provision of Rs. 10,000 for reserve and Rs. 15,000 for dividend.

On the basis of the above particulars and adjustments, prepare Profit and Loss Account and Profit and Loss Appropriation Account. 7 + 3

*OR*

What is analysis of financial statement ? Describe its objectives and limitations. 2 + 4 + 4